पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल कल मुंबई जायेंगे
मुंबई में चार कार्यक्रम में करेंगे सहभाग
राज्यपाल के संस्मरण संग्रह का विमोचन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री करेंगे

लखनऊः 22 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक मुंबई में आयोजित चार कार्यक्रम में सहभाग करेंगे। श्री नाईक कल 23 अप्रैल को मुंबई के लिये प्रस्थान करेंगे।

राज्यपाल कल 23 अप्रैल शनिवार को वरिष्ठ नागरिकों की संस्था पुष्पा मां फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ज्येष्ठ नागरिकों की पुस्तक का विमोचन करेंगे तथा रविवार 24 अप्रैल को सहयोग सेवा प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित गीत रामायण कार्यक्रम, जिसमें विख्यात गायक श्री श्रीधर फड़के अपना गायन प्रस्तुत करेंगे, में सहभाग करेंगे। इसी क्रम में 25 अप्रैल सोमवार को श्री नाईक के अपने संस्मरण के मराठी भाषी संग्रह (चरैवेती ! चरैवेती !) का विमोचन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस करेंगे। 26 अप्रैल मंगलवार को इसी पुस्तक का लोकार्पण आदिवासी जिला-पालधर में प्रसिद्ध साहित्यकार एवं कोंकण साहित्य परिषद के अध्यक्ष पदमश्री मधु मंगेश कर्णिक द्वारा किया जायेगा। राज्यपाल श्री नाईक लोकार्पण के बाद ग्राम भालीवली में विवेक व्यासपीठ द्वारा संचालित आदिवासी विकास केन्द्र का भ्रमण भी करेंगे।

अंजुम/पंकज/राजभवन (159/35)